## नि:शुल्क जल सेवा शुरू

**मनोहरपुर।** क्षेत्र में जल संकट से राहत देने के उद्देश्य से कुंवर दिग्राज सिंह शाहपुरा की ओर से निशुल्क जल सेवा शुरू की गई है। यह सेवा पिछले एक महीने से लगातार विभिन्न कॉलोनियों और मोहल्लों में संचालित की जा रही है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है। मनोहरपुर के बंगाली मोहल्ला, हरिजन मोहल्ला, एंबेडकर मोहल्ला, अमन कॉलोनी, शिव कॉलोनी तथा राव धीर सिंह कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में यह जल सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन इलाकों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है, जहां जल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। कुंवर दिग्राज सिंह शाहपुरा ने बताया कि समाज सेवा के उद्देश्य से यह कार्य किया जा रहा है ताकि गर्मी के मौसम में किसी भी व्यक्ति को पानी की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक पानी पहुंचाना प्राथमिकता है और यह सेवा आगे भी जारी रहेगी।

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# धार्मिक महोत्सव सनातन परम्परा के अभिन्न अंग : भूपेन्द्र यादव

**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव राजगढ के दुब्बी भजेडा स्थित मीन भगवान मंदिर में 16वें मीन भगवान महोत्सव में कार्यक्रम में शिरकत मीन भगवान की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। केंद्रीय वन मंत्री यादव ने मीन भगवान महोत्सव एवं गंगा दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार द्वारा प्रदेश के चहुंमुखी विकास की दिशा में नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलवर संसदीय क्षेत्र चहुंमुखी विकास पहली प्राथमिकता है तथा आमजन की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सडक, रेल, शिक्षा, चिकित्सा आदि क्षेत्रों सार्थक प्रयास करते हुए विकास को गति प्रदान की गई है।



अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने राजगढ के 16वें मीन भगवान महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की।

अलवर में पर्यटन की अपार संभावनाओं एवं अलवर देश में सबसे बडे टयूरिज्म क्षेत्र के रूप में उभरे इसको दृष्टिगत रखते हुए सरिस्का क्षेत्र में पर्यटन को बढाने भर्तृहरि, पाण्डुपोल, भानगढ, काकवाडी का प्लान बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि 36 बिरादरियों का जनप्रतिनिधि होने के नाते राजगढ में बिना भेदभाव के विकास कार्य को आगे बढाया जा रहा है, जिसमें केंद्रीय विद्यालय, 10 करोड रूपये की लागत से डेरा सफरवाडी से वाया जामडोली सडक निर्माण, डेढ करोड की लागत से पाली से स्कूल होते हुए ग्राम परबैणी तक डामर सडक, 2 करोड रूपये की लागत से अम्बेडकर नगर से परबैणी तक डामर सडक, 21 छोटी सडकों आदि विकास कार्य स्वीकृत कराए गए है, जिन्हें शीघ्र ही पूरा किया जाएगा।इसके साथ ही अलवर-बांदीकुई मार्ग पर आरओबी के लिए 70 करोड रूपये मंजूर किए गए है, जिससे आवागमन सुलभ होगा।

■ उन्होंने कहा कि राजगढ में रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं में विस्तार होने के साथ ही यात्रियों के लिए ट्रेनों का ठहराव कराया

उन्होंने कहा कि राजगढ में रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं में विस्तार होने के साथ ही यात्रियों के लिए ट्रेनों का ठहराव कराया गया है तथा राजगढवासियों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए रेल मंत्री से मिलकर और ट्रेनों का ठहराव कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र में गोविन्दगढ, राजगढ व खैरथल रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण कराया गया है तथा 111 करोड रूपये की लागत से अलवर रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बालक-बालिकाओं को बेहतर शिक्षा मिल सके इस उद्देश्य से संसदीय क्षेत्र में 133 ई-लाइब्रेरियों का निर्माण कराया गया।

## लालपुरा में मूर्ति विवाद ने लिया हिंसक रूप

**लालसोट।** लालपुरा गांव की ढंड की ढाणी में देर रात मूर्ति स्थापना को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। खातेदार की भूमि पर कथित रूप से जबरन मूर्ति स्थापित करने के प्रयास के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर भीड़ ने पथराव कर दिया। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए हवाई फायरिंग करनी पड़ी।

घटना में पुलिस वाहन क्षितग्रस्त हो गया तथा दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। तनावपूर्ण हालात को देखते हुए मंडावरी, झापदा, रामगढ़ पचवारा और दौसा पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर गांव में तैनात किया गया।

पुलिस ने मामले में आठ नामजद सहित करीब 50-60 लोगों के खिलाफ राजकार्य में बाधा, पुलिस पर हमला और जातीय वैमनस्य फैलाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं खातेदार ने भी 22 लोगों पर जमीन पर कब्जा करने और जबरन मूर्ति स्थापना का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाथूलाल, हनुमान, कमलेश, रवि और रामस्वरूप सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

थानाधिकारी पवन कुमार जाट के अनुसार पुलिस को रात में खातेदारी भूमि पर मूर्ति स्थापना की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो अंधेरे का फायदा उठाकर भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। हालात बिगड़ने पर हवाई फायरिंग करनी पड़ी। फिलहाल मूर्ति को सुरक्षित थाने में रखवा दिया गया है और गांव में पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है।

घटना ने एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं कि धार्मिक आस्था के नाम पर कानून हाथ में लेने की बढ़ती प्रवृत्ति आखिर समाज को किस दिशा में ले जा रही है।

# पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया

**चौमूं / कालाडेरा ।** चौमूं उपखण्ड के सिंगोद खुर्द स्थित मणीमहल गंगाकुंज से सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ पंचमुखी हनुमान मंदिर धाम सिंगोद स्थित ओंकारेश्वर पंचेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचमुखी हनुमान मंदिर धाम सिंगोद के महंत ओकार दास महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कार्यक्रम संयोजक श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि कलश यात्रा बैंड-बाजों के साथ ग्राम सिंगोद खुर्द के सीतारामजी मंदिर से रवाना हुई, जो सिंगोद कला बस स्टैंड होते हुए सिंगोद स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर धाम पहुंची।

यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े तथा पूरा



पंचमुखी हनुमान मंदिर धाम में कलश व कांवड़ यात्रा निकाली

माहौल शिवमय बना रहा। कार्यक्रम में चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व सरपंच नेमीचंद अग्रवाल, पूर्व सरपंच त्रिलोक लोच्छिब, पूर्व सरदार सिंह जाखड़, भाजपा नेता पवन चोपड़ा, सीताराम मंदिर कमेटी के संगठन मंत्री परमेश्वर खंडेलवाल, सीताराम मंदिर कमेटी सिंगोद खुर्द अध्यक्ष बजरंग सिंह शेखावत, जमुवाय सेवा ट्रस्ट सिंगोद कला अध्यक्ष हरि सिंह, उपसरपंच मदन सिंह, झबर सिंह, शंकर सिंह, सवाई सिंह, उपसरपंच कल्याण सिंह, सुरेश चोपड़ा, जगदीश घोसलीया ,

■ कलश यात्रा बैंड-बाजों के साथ ग्राम सिंगोद खुर्द के सीतारामजी मंदिर से रवाना हुई

हरिनारायण दूत, महावीर बिजारनिया, भंवर देवंदा, लक्ष्मण सिंह, गुलाब अग्रवाल, मुकेश, विक्रम सिंह, सुमन सिंह, आचार्य जितेन्द्र व्यास, टिंकू व्यास, जितेन्द्र सिंह, मुकेश कुमावत, संदीप सिंह, सीएम यादव चेतन सिंह, पप्पू टेलर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि गंगाकुंज मणीमहल सीताराम मंदिर से निकली कलश एवं कांवड़ यात्रा में आकर्षक झांकियां और धार्मिक प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं।

## पेयजलापूर्ति करवाने की मांग

**निवाई।** गाँव मजूकडा में 7-8 दिन से बीसलपुर पेयजल सप्लाई बंद है। जिससे से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ सात दिन से गांव में बीसलपुर पेयजल लाईन से पानी नहीं आ रहा

लाली गुर्जर, छोटी गुर्जर, मंजू गुर्जर, संतरा गुर्जर, जमना गुर्जर, काली देवी गुर्जर, लछमा गुर्जर, माया गुर्जर, मनोहर गुर्जर, कस्तूरी गुर्जर, ममता गुर्जर, हँसी गुर्जर, धौली गुर्जर, कमला गुर्जर व सुरज्ञान गुर्जर सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि सात आठ दिन से गांव में बीसलपुर पेयजल लाईन से पानी नहीं आ रहा है। जिससे महिलाओं को भीषण गर्मी में दूर दराज के कुएं से पानी भरकर लाना पड़ रहा है।

कुए पर भी सुबह 5 बजे से ही पानी भरने वालों की भीड़ लग जाती है। जिससे उनको घंटों इंतजार करने के बाद पानी भरने का नंबर आता है। जिससे उनका पूरा दिन ही पानी ले जाने में ही हो जाता है। बीसलपुर परियोजना के कर्मचारियों को भी कई बार अवगत करा दिया गया। लेकिन वह भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे महिलाओं को पानी के लिए बूंद बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**पावटा।** कस्बा पावटा स्थित प्राचीन राठी वाला मंदिर में पूज्य श्री निम्बार्काचार्य श्री श्रीजी महाराज की असीम अनुकम्पा व मंदिर महंत श्री राधा मोहन दास महाराज के सान्निध्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस पर श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के रस में पूरी तरह डूबे नजर आए. पूरा पंडाल भजन-कीर्तन, संगीतमय प्रस्तुतियों तथा राधे-राधे और जय श्री कृष्ण के जयघोष से भक्तिमय बना रहा।

कथा व्यास अभिषेक पाठक महाराज ने अपने मधुर एवं ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भक्ति, कर्म और धर्म का गूढ़ संदेश दिया। महाराज जी ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि बाल स्वरूप में भगवान अपनी चंचल लीलाओं से पूरे गोकुल को आनंदित करते थे। माखन चोरी लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल बाल सुलभ शरारत नहीं, बल्कि भक्तों के निर्मल प्रेम को स्वीकार करने का दिव्य प्रतीक है। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए। इसके पश्चात गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन हुआ। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाकर गोकुलवासियों की रक्षा करने की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। उन्होंने प्रकृति संरक्षण, गौ सेवा और धर्म रक्षा को मानव जीवन का महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया।

श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से पूजा-अर्चना कर भगवान के जयकारों से पूरे पंडाल को गुंजायमान कर दिया। अपने प्रवचन में महाराज जी ने कर्म के सिद्धांत पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को उसके कर्मों के अनुसार ही फल प्राप्त होता है। अच्छे कर्म सुख और शांति देते हैं, जबकि बुरे कर्म दुख का कारण बनते हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल सुनने की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का मार्ग है। गोवर्धन लीला हमें सिखाती है कि यदि हम संगठित हों और ईश्वर पर विश्वास रखें, तो हम सबसे बड़ी बाधा को भी पार कर सकते हैं। जब श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव की पूजा करने से मना कर दिया और गोवर्धन की पूजा करने के लिए बोला, तो इंद्रदेव नाराज हो गए। उन्होंने तेज बरसात की। जिस पर श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठाकर ब्रज वासियों की रक्षा की।कथा के यजमान के रूप में राठी वाला मंदिर महंत राधा मोहन दास महाराज ने विधिवत पूजा-अर्चना और आरती संपन्न की।

# कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का सरकार की नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन

**देवली ।** कांग्रेसी पदाधिकारी कार्यकर्ता भाजपा सरकार के विरुद्ध आक्रामक दिखाई दिए। जानकारी के अनुसार ब्लॉक व नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के नेतृत्व में.देवली उपखंड के कांग्रेसी कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने भाजपा सरकार की नीतियों के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया। इसी के साथ दर्जनों कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी कार्यालय को ज्ञापन सौंपा । इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश गोयल ने जानकारी में बताया कि ब्लॉक एवं नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता गांधी पार्क में एकत्रित हुए। इस दौरान केंद्र व राज्य सरकार कि गलत नीतियों के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए नगर अध्यक्ष सौरभ जिंदल के नेतृत्व में सरकार की गलत नीतियों का विरोध मार्च निकाला गया।

इस दौरान कांग्रेसियों का जुलूस शहर के गांधी पार्क से शुरू हुआ जो शहर के ममता सर्कल छतरी चौराहा और सदर बाजार से होते हुए उपखंड कार्यालय पहुँचा। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर भाजपा सरकार के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष सौरभ जिंदल ने कहा कि ज्ञापन में राष्ट्रीय



कांग्रेसियों ने विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले की उच्च स्तरीय जाँच सुनिश्चित करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है । साथ ही पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस एवं खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से मूल्य वर्धित कर वैट कम करने की मांग रखी गई है। तो वही इसी के साथ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी कार्यकर्ता स्थानीय मुद्दों पर भी अपना विरोध विरोध दर्ज करवा रहे है। जैसे कि बस अड्डे को शहर से कई किलोमीटर दूर स्थानांतरित करने और उप जिला चिकित्सालय को अन्यत्र भेजने के निर्णय को कांग्रेसियों ने जनविरोधी बताया है । कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अपने ज्ञापन में बताया कि शहर में वर्षो पुरानी कृषि उपज मंडी को बाहर स्थापित कर देने से हजारों व्यापारियों का रोजगार छिन गया है। शहर में बढ़ती बेरोजगारी को दूर करने के लिए सरकार को चाहिए कि पुरानी उपज कृषि मंडी को फिर से तुरंत सुचारू रूप से चालू किया जाये । साथ कहाँ कि शहर पीने के पानी के संकट से जूझ रहा है। तो वहीं इन दिनों अनियंत्रित बिजली कटौती और जर्जर सड़कों के कारण शहर वासी बेहाल हो रहे हैं। कांग्रेसियों ने ज्ञापन जरिये महामहिम से अपील की है कि इन मांग का प्रमुखता से निस्तारण किया जाए ।

# महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल जल-पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**पावटा।** प्रदेश में जल संरक्षण, भूजल पुनर्भरण एवं पर्यावरण संवर्धन को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा एवं पहल पर गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सोमवार को वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान 2026 का उपखंड स्तरीय शुभारंभ पावटा स्थित शिवनगर खारवाली एनीकेट से किया गया। उपखंड स्तरीय समारोह में पावटा उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा, विकास अधिकारी कार्यवाहक सहायक अभियंता नीलू सैनी, अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा, सिंचाई विभाग एईएन शैलेन्द्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि, उपखंड स्तरीय अधिकारी, सामाजिक संगठन, महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पावटा स्थित शिवनगर खारवाली एनीकेट पर विधिवत जल एवं वृक्ष पूजन तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पीपल, नीम एवं बरगद के पौधों का पौधारोपण किया गया।



पीपल, नीम एवं बरगद के पौधों का पौधारोपण किया।

महिलाओं द्वारा पारंपरिक कलश यात्रा निकालकर जल संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी डॉ.साधना शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण का संकल्प दिलाते हुए जल स्त्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं अधिकाधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 25 मई से 5 जून तक चलाया जा रहा वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी का अभियान है। उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य भूजल स्तर

■ 'अभियान का मुख्य उद्देश्य भूजल स्तर में वृद्धि, वर्षा जल संचयन तथा जल संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरूकता पैदा करना है'

में वृद्धि, वर्षा जल संचयन तथा जल संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरूकता पैदा करना है।

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिलेभर में जल संचय संरचनाओं का निर्माण, पारंपरिक जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार, साफ-सफाई, पौधारोपण, जल संरक्षण रैलियां एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, जल शक्ति अभियान, हरियालो राजस्थान एवं कर्मभूमि से मातृभूमि जैसे अभियानों को भी जोड़ा गया है।

## रैगिंग मुक्त भय-मुक्त शिक्षा केन्द्र विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**शाहपुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष माधवी दिनकर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने नगरपरिषद स्थित बी आर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रैगिंग मुक्त भय-मुक्त शिक्षा परिसर विषय पर शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रिंसिपल सीताराम जाट द्वारा की गई।

प्रिंसिपल सीताराम जाट ने बताया कि हमारी कॉलेज में रैगिंग करना एक अपराध मानते है। असामाजिक तत्वों को हम प्रवेश से वंचित ही कर देते है। गरीब माता-पिता अपने पुत्र-पुत्रियों को अपनी संचित आय में से उन्हें शिक्षित कराकर उनके सपनों को साकार करने के लिए कॉलेजों में इसी विश्वास पर भेजते है कि मेरा लड़का, लड़की पढ़ लिखकर एक प्रसाशनिक अधिकारी बनकर अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेगी। रैगिंग मुक्त,

भय- मुक्त शिक्षा केन्द्र पर (परिसर) ही हम अपने पुत्र-पुत्रियों को पढ़ाने के लिए भेज सकते है। तभी वे संस्थानों की विश्वसनीयता के कारण ही अपने बच्चों को शिक्षा दिलाते है। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि सनातन संस्कृति में गुरू कुल शिक्षा में एक विश्वास अपनत्व बोध की अनुभूति होती थी। रैगिंग मुक्त भय-मुक्त शिक्षा केन्द्र में ही आज आर्थिक तंगी महंगाई के माहौल में भी उस शिक्षा परिसर में भेजना चाहते है, वहां पारस्परिक संबंध में मधुरता रहती है। कॉलेज के वातावरण में स्वतंत्र रूप से भय-मुक्त होकर विचार-विमर्श कर सके। शिक्षक और विद्यार्थी में विश्वास का माहौल बना रहता है। वहां के विद्यार्थियों में पढ़ाई-लिखाई के प्रति कॉम्पीटिशन और अपने उज्जवल भविष्य के लक्ष्य को प्राप्त करने का सपना होता है। यूजीसी के नियमों के अंतर्गत किसी भी शैक्षिणक संस्थानों कॉलेज, इन्स्टीट्यूट में रैगिंग एक दंढनीय अपराध है।कॉलेज में नवांगतुक विद्यार्थियों के प्रवेश के समय सिनियर विद्यार्थियों द्वारा अकारण रैगिंग करने के बहाने आतंकीत करना है।

## सार-समाचार

### आयुष्मान योजना में मुफ्त दवा सुविधा बंद करने पर जताया रोष




**फुलेरा।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा फुलेरा द्वारा जिला कलेक्टर जयपुर के नाम ज्ञापन सौंपकर आयुष्मान योजना के अंतर्गत निजी चिकित्सालयों एवं फार्मा स्टोर्स द्वारा पेंशनर्स को निशुल्क दवा सुविधा नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई गई। ज्ञापन में बताया गया कि सरकार द्वारा आयुष्मान योजना लागू किए जाने के बावजूद कई निजी अस्पताल एवं मेडिकल स्टोर पेंशनर्स को दवाइयां उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, जिससे बुजुर्ग पेंशनर्स को आर्थिक व मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेंशनर्स ने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर मरीजों को बाजार से दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। पेंशनर समाज ने मांग की कि राज्य सरकार आयुष्मान योजना के नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करे तथा निजी चिकित्सालयों एवं फार्मा स्टोर्स पर निगरानी बढ़ाई जाए। साथ ही योजना में शामिल अस्पतालों को स्पष्ट निर्देश जारी कर पेंशनर्स को नि:शुल्क दवा सुविधा उपलब्ध कराने के आदेश दिए जाएं। ज्ञापन पर उपशाखा अध्यक्ष शक्ति सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर भी किए गए।

### लोधी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह




**जयपुर।** राजधानी जयपुर में अखिल भारतीय लोधी/लोधा/लोध समाज महासभा एवं आलोक संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रांतीय आलोक अधिवेशन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की प्रथम बार बनी सुश्री प्रवेश सिंह का 10वीं में 25 छात्र-छात्राओं को 90 प्रतिशत से अधिक अंक आने पर 12वीं में 27 छात्र छात्राओं को 90 प्रतिशत से अधिक अंक आने पर 8 युवक युवतियां को राज्य एवं केंद्र सरकार में नियुक्त होने पर तथा 4 लोगों को सेवानिवृत्ति होने पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, मनोहर थाना विधायक गोविंद सिंह रानीपुरिया तथा उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री एवं अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार डेविड विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में श्री लोधी समाज संस्था जयपुर के अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह लोधी एवं आलोक संघ जयपुर के अध्यक्ष राजेश पथरिया ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

**कोटपूतली।** स्थानीय राजपूताना टी. टी. कॉलेज में रविवार को वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन निदेशक महेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये संस्था निदेशक महेंद्र चौधरी ने कहा कि कठोर परिश्रम व अनुशासन में रहने से व्यक्ति जीवन में बड़ी से बड़ी उपलब्धियों को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र व समाज की सेवा करने की महत्वपूर्ण नसीहत भी प्रदान की। प्राचार्य डॉ. एच. एन. धोलीवाल ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर सफलता प्राप्त करने का मार्ग दिखाया। उन्होंने 'सादा जीवन उच्च विचार' के सिद्धांत को अपने जीवन में आत्मसात् करने पर विशेष बल दिया। उप प्राचार्य उमराव लाल व विशिष्ठ अतिथि सुनीता सिंह ने शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। संचालन ताराचन्द सैनी द्वारा किया गया। इससे पूर्व अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान सहायक प्रोफेसर सुरेश कुमार रिवाड़िया, नीरु सैनी, ए. के. शर्मा, राधेश्याम मोरवाल, राजकुमार सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### रेलवे जंक्शन आवागमन मार्ग चौड़ा करने का संकट टला

**फुलेरा।** फुलेरा रेलवे जंक्शन के आवागमन मार्ग को चौड़ा करने के लिए दुकानों की अवाप्ति का संकट आखिरकार व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहुजा व टीम की समझदारी और आपसी सहमति से हल हो गया। व्यापार महासंघ की पहल से दो व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपनी भूमि समर्पित करने की सहमति दी, जिससे जंक्शन का मार्ग अब और अधिक चौड़ा एवं सुगम हो सकेगा। गौरतलब है कि व्यापारी संगठन की एकता और संघर्ष के चलते फुलेरा की ब्रिटिशकालीन रेल फुट ओवरब्रिज (पुरानी पुलिया) के स्थान पर नवीन सुविधायुक्त फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही रेल मंत्री द्वारा फुलेरा जंक्शन को अमृत भारत योजना से जोड़ने के बाद यहां कई विकास परियोजनाएं संचालित हो रही हैं, जिससे जंक्शन के विस्तार और विकास कार्य तेज गति से चल रहे हैं। रेल विभाग और स्थानीय प्रशासन लंबे समय से वर्तमान आवागमन मार्ग को संकरा मानते हुए इसे चौड़ा करने की आवश्यकता जता रहे थे। इस संबंध में प्रशासन द्वारा दुकानों की अवाप्ति की कार्यवाही भी प्रारंभ की जा रही थी। व्यापार महासंघ ने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक आम सभा आयोजित की।

### किसान महापंचायत की जल यात्रा आज

**निवाई।** किसान महापंचायत के तत्वावधान में 26 मई को गांव पहाड़ी में किसान जल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश स्तार के किसान प्रतिनिधि भाग लेंगे। महापंचायत के ब्लॉक अध्यक्ष दशरथसिंह पलेई ने बताया कि किसान जल यात्रा को लेकर 26 मई को गांव पहाड़ी में किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट, प्रदेशाध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष छीतरमल गुर्जर, प्रदेश मंत्री सरदार मन्जीन्दर अटवाल, करौली एडवोकेट बत्तीलाल बैरवा, अलवर जिला अध्यक्ष विरेन्द्र क्रान्तिकारी, बूंदी जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी टोंक, जिला अध्यक्ष गोपीलाल डोड़वाडी, कोटा संभाग प्रभारी हरिशंकर धाकड़, प्रदेश प्रचार मंत्री मिश्रीलाल गुर्जर व युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद चौधरी सहित कई प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह कल

**जयपुर, (निसं)।** माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में 27 मई को डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, जयपुर राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर जयपुर में प्रातः 11 बजे अपना तृतीय दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है। सलाहकार जनसम्पर्क विक्रम राठौड ने बताया कि दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन राम मेघवाल, माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री विधि एवं न्याय (स्वतंत्र प्रभार) एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉ. प्रेम चंद बैरवा माननीय उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार उपस्थित रहेंगे।